प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 सितंबर 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने एनबीएफसी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत ऊपरी स्तर में एनबीएफसी की सूची जारी की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज एनबीएफसी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत ऊपरी स्तर में एनबीएफसी की सूची की घोषणा की।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 22 अक्तूबर 2021 को स्केल आधारित विनियमन (एसबीआर): एनबीएफसी के लिए एक संशोधित विनियामक ढांचा जारी किया था। यह ढांचा एनबीएफसी को आधार स्तर (एनबीएफसी-बीएल), मध्य स्तर (एनबीएफसी-एमएल), ऊपरी स्तर (एनबीएफसी-यूएल) और शीर्ष स्तर (एनबीएफसी-टीएल) में वर्गीकृत करता है। यह विनिर्दिष्ट करता है कि ऊपरी स्तर में वे एनबीएफसी शामिल होंगे, जिनकी ढांचे में प्रदान किए गए मापदंडों और स्कोरिंग पद्धति के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विशेष रूप से पहचान की जाती है। ढांचे में यह भी परिकल्पना की गई है कि आस्ति आकार के संदर्भ में शीर्ष दस एनबीएफसी सदैव ऊपरी स्तर में रहेंगे। तदनुसार, ढांचे के अंतर्गत एनबीएफसी-ऊपरी स्तर के रूप में वर्गीकरण के लिए निम्नलिखित एनबीएफसी की पहचान की गई है:

क्रम सं.	एनबीएफ़सी का नाम	एनबीएफसी की श्रेणी
1	एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार करने वाली आवास वित्त कंपनी (एचएफ़सी)
2	बजाज फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
3	श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
4	टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड	मूल निवेश कंपनी (सीआईसी)
5	एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
6	इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आवास वित्त कंपनी (एचएफ़सी)
7	पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आवास वित्त कंपनी (एचएफ़सी)
8	चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
9	सांघवी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)

10	महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
11	पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार करने वाली आवास वित्त कंपनी (एचएफ़सी)
12	टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
13	आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
14	एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
15	मुथूट फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-निवेश और ऋण कंपनी (आईसीसी)
16	बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आवास वित्त कंपनी (एचएफ़सी)

3. आस्ति आकार के संदर्भ में शीर्ष 10 एनबीएफसी की सूची में शामिल होने के बावजूद, एचडीएफसी लिमिटेड को विलय प्रक्रिया के चलते वर्तमान समीक्षा में एनबीएफसी-ऊपरी स्तर की सूची में शामिल नहीं किया गया है।

4. उपरोक्त तालिका में उल्लिखित एनबीएफसी, एनबीएफसी-यूएल पर लागू वर्धित विनियामक ढांचे को अपनाने के लिए एक बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति तैयार करेंगे और इस प्रेस प्रकाशनी की तारीख से तीन महीने के भीतर विनियमों के नए सेट के अनुपालन हेतु एक कार्यान्वयन योजना तैयार करेंगे। इसके अलावा, इन एनबीएफसी का बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि एनबीएफसी-ऊपरी स्तर के लिए निर्धारित शर्तों का अनुपालन इस प्रेस प्रकाशनी की तारीख से 24 महीने की अधिकतम समय अवधि के भीतर किया जाए।

(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/975